# ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ
ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD**
**Malleshwaram, Bengaluru – 560 003**

## 2024-25ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ-1
## S.S.L.C. MODEL QUESTION PAPER-1 : 2024-25

## ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
## Subject : First Language — HINDI

**ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 06-H** | **Subject Code : 06-H**

ಸಮಯ : 3 ಗಂಟೆ 15 ನಿಮಿಷಗಳು ] | [ Time : 3 Hours 15 Minutes

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] | [ Max. Marks : 100

---

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 45 प्रश्न हैं ।
2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

[ Turn over

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं । उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए ।** **6 × 1 = 6**

1. 'समर्थ' शब्द का विलोम रूप है –

   (A) सार्थक (B) असमर्थ

   (C) साधन (D) सादगी

2. 'ऋतु' शब्द का बहुवचन रूप है –

   (A) ऋतुएँ (B) मास

   (C) बारिश (D) वसंत

3. 'नूतन' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –

   (A) नयन (B) नाक

   (C) नाम (D) नया

4. निम्नलिखित में से 'हाथ बँटाना' मुहावरे का अर्थ है –

   (A) हाथ काटना (B) हाथ देना

   (C) सहायता करना (D) हाथ धोना

5. निम्नलिखित में से 'बुरा' शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप है –

   (A) बुराई (B) बेकारी

   (C) बुनाई (D) सच्चाई

6. निम्नलिखित में से 'लेखक' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है –

   (A) लिखना (B) लिख

   (C) लिखावट (D) लेखिका

**II. प्रथम दो शब्दों में सूचित संबंध के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए।** **4 × 1 = 4**

7. उद्घाटन : व्यंजन संधि :: परमात्मा : ............................ ।

8. मैंने पत्र लिखा : भूतकाल :: मैं पत्र लिखूंगा : ............................ ।

9. दिन–रात : द्वंद्व समास :: त्रिपुण्ड : .................. ।

10. जो कविताएँ लिखता है : कवि :: जो अभिनय करती है : .................... ।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **7 × 1 = 7**

11. लाला झाऊलाल की आर्थिक परिस्थिति कैसी थी ?

12. विजयनगर साम्राज्य किसका प्रतीक रहा है ?

13. मन्नू भण्डारी जी बचपन में कैसी थी ?

14. मैना दम्पति नाच गान क्यों करते थे ?

15. सब कैसे सोते थे ?

16. हम नव निर्माण किस भाव से करें ?

17. 'जिन लोगों के आँखें हैं, वे सचमुच बहुत कम देखते हैं' हेलन केलर को ऐसा क्यों लगता था ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्य में लिखिए :** **10 × 2 = 20**

18. जहाँगीरी अण्डे के बारे में अंग्रेज़ ने क्या बताया ?

19. अम्बालाल जी ने मन्नूजी की तारीफ कैसे की ?

20. कीव शहर के बारे में लेखक ने क्या कहा है ?

21. मैना के बारे में रवीन्द्र जी ने क्या कहा ?

22. भ्रमर के व्यवहार से हमें क्या सीख मिलती है ?

23. कवि नवीन जी किस बात का वर्णन नहीं करना चाहते ?

24. 'मैं अपने भाग्य का निर्माता स्वयं हूँ ।' इस वाक्य से नेपोलियन का कौन-सा गुण प्रकट होता है ?

25. अपने पुरुषार्थ पर भरोसा रखनेवाले लोग क्या-क्या कर सके हैं ?

26. अफ्रीकावासी बेडन पॉवेल को इम्पासी कहकर क्यों पुकारते थे ?

27. पंडित रैदास से मूर्ति क्यों माँग रहा था ?

**V. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए ।** **2 × 3 = 6**

28. पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' ।

29. रहीम ।

**VI. छन्द पहचानकर लक्षण बताइए ।** 1 X 3 = 3

30. क्षण में होय कमाल, गुस्सा ऐसा कीजिए ।

होय टमाटर लाल, जामुन-सा मुखड़ा तुरत ।।

**VII. अलंकार पहचानकर लक्षण बताइए।** 1 X 3 = 3

31. ये गुलसिताँ हमारा ।

**VIII. निम्नलिखित वाक्यों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।** **4 × 3 = 12**

32. 'हुजूर, इतनी रात को कहाँ जायेगी ?'

33. ''हाँ महाराज, अब भ्रष्टाचार ईश्वर हो गया है ।''

34. ''तुम्हारी सत्यप्रियता अधिकांश दिल्ली में प्रसिद्ध है ।''

35. सबसे उधार माँगा, सबने दिया ।

 यों मैं जिया और जीता हूँ

 क्योंकि यही सब तो है जीवन –

**IX. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए :** **3 × 3 = 9**

36. घमंडी अभिनेत्री का सर वेल्स ने कैसे झुकाया ?

37. देश के विविध प्रदेशों में गाए जानेवाले लोकगीतों का परिचय दीजिए ।

38. 'सारे जहाँ से अच्छा हिंदोसताँ हमारा' – इस पंक्ति का विवरण सहित समर्थन कीजिए ।

**X. निम्नलिखित पद्यांश की पूर्ति कीजिए।** **1 × 4 = 4**

39. जग में ....................................................................................

 ....................................................................................

 ....................................................................................

 ............................................................... गले लगाना ।

**अथवा**

पैदा कर ........................................................................

...............................................................................

...............................................................................

.................................................................... स्वजीवन सारा ।

**XI. निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए ।** 1 X 4 = 4

40. मुरझाए फूल में सुगंधि कौन ढूँढ़ेगा ?

बच्चे में कौन खोट देखेगा ?

हे देव ! विश्वास को ठेस लगने पर

फिर सद्गुण कौन परखेगा ?

हे प्रभु, जले पर कौन नमक छिड़केगा ?

सुनो, हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,

नदी पार करने के बाद मल्लाह को कौन पूछेगा ?

**अथवा**

भूख लगी तो गाँव में भिक्षान्न हैं,

प्यास लगी तो तालाब-कुएँ हैं,

शीत से बचने जीर्ण वस्त्र हैं,

सोने के लिए उजड़े मंदिर हैं,

हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,

मेरा आत्म-सखा तू ही है ।

**XII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ–दस वाक्यों में लिखिए।** **2 × 4 = 8**

41. चम्पारन की समस्या का गाँधीजी ने निवारण किस प्रकार किया ? वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

गाँधीजी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए ।

42. आलूर वेंकटराव जी के नूतन विद्यालय का परिचय दीजिए ।

**अथवा**

आलूर वेंकटराव जी के जीवन में नया मोड़ कैसे आया ? बताइए ।

**XIII. गद्यांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **2 × 2 = 4**

43. महानगरों में विभिन्न धर्म, विभिन्न भाषा एवं विभिन्न क्षेत्रों के लोग निवास करते हैं । यहाँ पर अनेक प्रकार की सेवाएँ उपलब्ध होती हैं । स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा सेवा, परिवहन की उपलब्धता, मनोरंजन के साधनों की सुविधा, जीवनोपयोगी वस्तुओं की उपलब्धि आदि के कारण महानगरीय जीवन स्तर ऊँचा माना जाता है । मगर आज बढ़ती जनसंख्या के दबाव के कारण महानगर में प्रदूषण बढ़ रहा है और इस कारण लोगों में अनेक प्रकार के रोग फैल रहे हैं । इसके अलावा सांप्रदायिकता एवं भ्रष्टाचार के कारण भी महानगरों की स्थिति आज चिंताजनक बनी है ।

**प्रश्न :**

a) महानगरीय जीवन स्तर क्यों ऊँचा माना जाता है ?

b) आज महानगरों की स्थिति चिंताजनक क्यों है ?

**XIV. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए।** 1 X 5 = 5

44. अपने भाई की शादी में भाग लेने के लिए चार दिनों की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

'हिन्दी शब्दकोश' पुस्तक खरीदने के लिए पैसा माँगते हुए पिताजी को एक पत्र लिखिए ।

**XV. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 15-20 वाक्यों में निबंध लिखिए।** **1 × 5 = 5**

45. i) हमारे राष्ट्रीय पर्व ।

ii) समाचार पत्र ।